डूंगरपुर के पूर्व विधायक देवेंद्र कटारा को ग्रहण करवाई भाजपा की सदस्यता

जयपुर । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश कार्यालय में डूंगरपुर पूर्व विधायक देवेंद्र कटारा को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा परिवार की पूंजी इसके कार्यकर्ता है। कहीं कोई कार्यकर्ता अगर किसी कारणवश भाजपा परिवार से अलग हो गया है तो उन सब को परिवार में शामिल कर भाजपा को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पूर्व विधायक देवेंद्र कटारा अच्छे वक्ता और भाजपा परिवार की विधारधारा के आधार पर कार्य करने वाले जननेता है। चौरासी प्रवास के दौरान देवेंद्र कटारा से मिलकर पुनः परिवार में शामिल होकर भाजपा को मजबूत करने का आग्रह किया गया तो उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया और विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में भाजपा को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व विधायक देवेंद्र कटारा ने कहा कि 2018 के बाद कुछ परिस्थितियों के चलते भाजपा परिवार से दूर हो गया था लेकिन अब प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के सान्निध्य में एक बार फिर पार्टी की सेवा करने का मौका मिला है। ऐसे में अब भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर डूंगरपुर के साथ उदयपुर संभाग में पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने डूंगरपुर के पूर्व विधायक देवेंद्र कटारा को भाजपा की सदस्यता दिलाकर मिठाई खिलाई।

- **भाजपा परिवार में कार्यकर्ता ही पूंजी, सबको एकजुट करने का किया जा रहा है कार्य : मदन राठौड़**

इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा परिवार के सदस्यों को दुपट्टा पहनाकर दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी।

बुजुर्ग के कानों से मुरकी तोड़ी

जयपुर । करधनी थाना इलाके में सोते समय एक बदमाश ने बुजुर्ग के कान से मुरकी तोड़ ली। दूसरी तोड़ने के दौरान उसकी नींद खुल गई। इस पर बदमाश मौका पाकर भाग निकला।

पुलिस के अनुसार चांदयाबाड़ी हरनाथपुरा निवासी हजारी लुहार ने मामला दर्ज करवाया कि वह रात को घर पर सो रहा था इसी दौरान एक बदमाश आया और उसने एक कान से सोने की मुरकी निकाल ली। दूसरी मुरकी निकालने के दौरान उसकी नींद खुल गई। उसने हल्ला मचाया तो बदमाश वहां से मौका देखकर भाग निकला। घटना 28 अक्टूबर की रात करीब एक बजे की है। इस पर पीडित ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आस-पास बदमाश को तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिला।

इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचक र बदमाश को पकड़ने के लिए सर्च अभियान चलाया, लेकिन बदमाश का पता नहीं चला। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

बिहार समाज संगठन की कार्यकारिणी भंग

जयपुर । बिहार समाज संगठन की ओर से वैशाली नगर स्थित होटल रितु पैलेस पर साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई, जहां बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने की। साधारण सभा की बैठक में प्रदेश स्तर के कार्यकारिणी समेत जयपुर के सभी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष, कोर कमेटी एवं सलाहकार मंडल के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में जयपुर के सभी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष समेत सभी कार्यकारी को भंग किया है, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन शर्मा ने सहमति दी। कोर कमेटी एवं सलाहकार मंडल से अनुमति लेने के बाद यह कदम उठाया गया। सभी सदस्यों को कहा है कि समाज से संबंधित कागजात राष्ट्रीय महामंत्री चंदन कुमार को लौटाएं।

जयपुर डेयरी ने अब तक बेची 20 हजार किलो सरस मिठाई

जयपुर (कासं)। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. (जयपुर डेयरी) के द्वारा इस बार सरस मिठाईयों की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री की जा रही है। दीपावली के अवसर पर अकेले जयपुर डेयरी द्वारा 20 हजार किलो सरस मिठाईयों की बिक्री की गई है।

यह जानकारी देते हुये जयपुर डेयरी के प्रबन्ध संचालक मनीष फौजदार ने बताया कि सरस द्वारा निर्मित शुद्ध घी से बनी उच्च गुणवत्तायुक्त एवं स्वादिष्ट मिठाईयों को जयपुर शहर के लोगो द्वारा काफी पसन्द किया जा रहा है। जयपुर डेयरी को कुल 20 हजार किलो मिठाईयां बेचने का लक्ष्य दिया गया था। जिसे जयपुर डेयरी द्वारा दीपावली से दो दिन पूर्व ही 20 हजार किलो सरस मिठाईयों की बिक्री कर लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया।

जयपुर डेयरी द्वारा सरस ब्राण्ड के 1 किलो पैक में गुलाब जामुन, रसगुल्ला एवं राजभोग 400 ग्राम पैक में सोनपपड़ी, 250 एवं 500 ग्राम पैक बर्फी, पेड़ा एवं 200 ग्राम पैक में कलाकन्द जयपुरवासियों को उपलब्ध करवाई जा रही है। जयपुर शहर में बिक्री की जा रही सरस मिठाईयों में बीकानेर का रसगुल्ला एवं अलवर के कलाकन्द की शहरवासियों द्वारा अत्यधिक मांग की जा रही हैं।

'वनप्लस' ने दीपावली पर पेश किये कई ऑफर

जयपुर । ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रैंड 'वनप्लस' ने अपने उत्पाद श्रेणियों में दिवाली पर कई ऑफर्स पेश किए हैं। यह ऑफर 5 नवंबर 2024 तक वैध रहेंगे। ग्राहक इन ऑफर्स का लाभ वनप्लस एक्सपीरियंस स्टोर्स, के साथ-साथ रिलायंस डिजिटल, बजाज इलेक्ट्रॉनिक्स, क्रोमा, विजयसेल्स, पूर्विका, संगीता मोबाइल्स, पाई इलेक्ट्रॉनिक्स, बिग सी मोबाइल्स, लॉट मोबाइल्स आदि सहित ऑफलाइन पार्टनर स्टोर्स पर उठा सकेंगे।कंपनी ने वनप्लस नॉर्ड 4, वनप्लस 12आर, वनप्लस नॉर्ड बड्स 3 और नॉर्ड बड्स 3 प्रो तथा वनप्लस बड्स प्रो 3 पर कई तरह की छूट व आकर्षक ऑफर जारी किए हैं।

आर.जे.एस. में चयनित रश्मि वर्मा को बधाई दी

जयपुर । राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जलदाय विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा द्वारा रश्मि वर्मा के आरजेएस 2024 में सफलता प्राप्त कर चयनित होने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने बताया कि रश्मि वर्मा वर्तमान में कलेक्ट्रेट दूदू में कार्यरत है तथा पूर्व में भी राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर, लॉ में भी चयनित हो चुकी है।

अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि रश्मि वर्मा द्वारा दूसरे प्रयास में ही अथक मेहनत से आरजेएस 2024 में अनुसूचित जाति वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। इनके पिता महेंद्र कुमार पठहीर सहायक लेखाधिकारी प्रथम एन एच एम स्वास्थ्य भवन जयपुर में एवं रश्मि वर्मा की माताजी विनोद पठहीर वरिष्ठ अध्यापिका के पद पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय विधाधर नगर जयपुर कार्यरत है। इस अवसर पर सीताराम नारनोलिया संस्थापक नवोदय फैमली वर्डवाइज नवोदय एल्युमनी दशरथ सिह राजावत ,भरत सिंह राजावत, अध्यक्ष राजस्थान सांस्कृतिक युवा मंच एवं कर्मचारी नेता गेगराज सैनी द्वारा रश्मि वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

टिकट बैग चोरी पर कंडक्टर से वसूली का आदेश रद्द किया

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने 11 साल पहले रोडवेज बस कंडक्टर का टिकट बैग चोरी होने पर उससे 92 हजार रुपए की वसूली करने के आदेश को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने रोडवेज एमडी और हिंडौन डिपो के मुख्य प्रबंधक को कहा है कि वह टिकट बैग के प्रिंटिंग पर हुई राशि की वसूली कर सकते हैं। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश विनय कुमार की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि साल 2013 में हिंडौन डिपो में ड्यूटी के दौरान याचिकाकर्ता का टिकट बैग रास्ते में किसी ने चुरा लिया था। याचिकाकर्ता ने इसकी रिपोर्ट भी संबंधित पुलिस थाने में दर्ज करा दी थी।

वहीं रोडवेज प्रबंधन ने टिकट बैग चोरी होने को नुकसान मानकर याचिकाकर्ता से 92 हजार रुपए की वसूली के आदेश जारी कर दिए और इस राशि को किस्तों में वसूलने की व्यवस्था कर दी। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा गया कि टिकट बैग चोरी में उसका कोई दोष नहीं है। जो टिकट चोरी हुए हैं, उनका उसने कोई दुरुपयोग नहीं किया है।

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने 11 वर्ष पुराने मामले में फैसला सुनाया**

बैग चोरी होते ही उसने तुरंत एफआईआर दर्ज करा दी थी व प्रबंधन को सूचित कर दिया था। इसके अलावा रोडवेज ने उसे वसूली आदेश से पहले कोई नोटिस व सुनवाई का मौका नहीं दिया है।

ऐसे में वसूली आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। ऐसे ही समान एक अन्य मामले में हाईकोर्ट ने कहा था कि टिकट बैग चोरी होने पर कर्मचारी से वसूली नहीं हो सकती, बल्कि केवल टिकट की प्रिंटिंग पर हुए खर्च की राशि ही ली जा सकती है। याचिकाकर्ता का प्रकरण की इसके समान ही है। ऐसे में उससे की जा रही वसूली को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने वसूली आदेश को रद्द कर दिया है।

छात्राओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए एम.ओ.यू. किया

जयपुर (कासं)। एपीजे अब्दुल कलाम राजकीय कन्या महाविद्यालय, गंगापोल, जयपुर ने ग्रीन जॉब्स - एसएनजी मेमोरियल फंड की सीएसआर पहल के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हेमन्त पारीक और ग्रीन जॉब्स के प्रतिनिधि मुकेश गुप्ता ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को रोजगारपरक कौशल, व्यावहारिक ज्ञान और जीवन कौशल में सक्षम बनाना है ताकि वे रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें। इस करार के तहत कई कार्यक्रमों जैसे जागरूकता अभियान, कौशल विकास कार्यशालाएँ, प्रशिक्षण सत्र, प्लेसमेंट ड्राइव, और जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही, उद्योग सहयोग के माध्यम से छात्राओं को रोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

जवाहर सर्किल पर पावर ग्रिड ने किया नुक्कड नाटक का प्रदर्शन

जयपुर । केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देश में पावरग्रिड, देश भर में 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है । इसके तहत मंगलवार को जयपुर के जवाहर सर्कल पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। इसके साथ ही पावरग्रिड जयपुर के सभी कर्मचारी एवं आधिकारियों ने सतर्कता जागरूकता मार्च निकाला। इज मौके पर पावरग्रिड, राजस्थान प्रोजेक्ट्स के प्रमुख श्री अभिनव वर्मा ,मुख्य महाप्रबंधक भी शामिल हुए ।

पावरग्रिड अपने राजस्थान प्रोजेक्ट्स के विभिन्न कार्यालयों के माध्यम से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान नुक्कड़ नाटक, वॉकथॉन, स्कूल-कॉलेजों में प्रतियोगिता तथा ग्राम सभा का आयोजन कर सत्यनिष्ठा कि संस्कृति से राष्ट्र की प्रगति का संदेश जन-जन तक पहुँचा रहा है।

पावरग्रिड, भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अन्तर्गत महारत्न कंपनी है जो राजस्थान में उत्पादित सौर ऊर्जा को देश के विभिन्न क्षेत्रों में पहुँचाने के लिए लगभग 11 हजार करोड़ रु. से अधिक की संचरण परियोजना लगा रही है।

रणबंका बालाजी ट्रस्ट ने कूकस में महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई

इस कार्यशाला और प्रदर्शनी में अंतर्राष्ट्रीय जगत से जुड़ी नामचीन हस्तियां, जिम्मी किचिंग, जिलियन किचिंग, ग्रेट ब्रिटेन एवं अमेरिका के 14 अतिथि भी शामिल हुए

जयपुर (कासं)। प्रदेश में रणबंका बालाजी ट्रस्ट के द्वारा विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कूकस जयपुर में विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा विकसित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया।

रणबंका बालाजी ट्रस्ट की निदेशक श्वेता कुमारी के निमंत्रण पर इस कार्यशाला व प्रदर्शनी में अंतरराष्ट्रीय जगत से जुड़ी नामचीन हस्तियां, जिम्मी किचिंग, जिलियन किचिंग, ग्रेट ब्रिटेन एवं अमेरिका के 14 अतिथि भी शामिल हुए। यह नामचीन हस्तियां विभिन्न क्षेत्रों आजीविका संवर्धन प्राकृतिक संतुलन से जुड़े कार्य कर रहे हैं।

इस कार्यशाला प्रदर्शनी के दौरान महिला अधिकारिता एवं एजुकेट गर्ल विभाग के द्वारा विकसित महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पाद जूते बैग्स, आभूषण, आरी तारी सूट कठपुतली, जूतियां, अंगूठी लाख ज्वेलरी दुपट्टे बंधेज के सूट आदि का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया।

रणबंका बालाजी ट्रस्ट की ओर से कूकस में आयोजित स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी के बारे में निदेशक श्वेता कुमारी ने विदेशी मेहमानो को जानकारी दी।

मंजरी फाउंडेशन जयपुर द्वारा आचार, घी, कुकीज, नमकीन, मसाले का प्रदर्शन किया गया उत्कृष्ट स्वयं सहायता समूह अलवर के द्वारा निर्मित मोटे अनाज के बिस्किट, जूट बैग, गोबर के दिये का प्रदर्शन किया गया राजीविका के द्वारा विकसित महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा जूती, लकड़ी के खिलौने एवं अन्य सामान लाख की चूड़ियां, शुद् मसाले अगरबत्ती, पायल, दूध के साबुन बाग इत्यादि उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। सेवंतरी वन उपज उत्पादक समूह द्वारा विकसित मिर्ची का अचार, हैंड वॉश एवं सीताफल के उत्पाद का प्रदर्शन किया गया। अर्पण सेवा संस्थान के सहयोग से संचालित मगरा महिला समिति भीम द्वारा ग्रामीण महिलाओं की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में जी फिल्टर, विभिन्न डिजाइन के कुर्ते, राजपूती पोशाक, लहंगे, फ्रॉक, हैंडीक्राफ्ट उत्पाद, मसाले, बायो पेस्टिसाइड और जल संरक्षण मॉडल शामिल थे। अर्पण सेवा संस्थान 1996 से ग्रामीण विकास में सक्रिय है, जो राजस्थान सहित विभिन्न 6 राज्यों में पर्यावरण, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कृषि और महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्टता के लिए कार्यरत है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस कार्यशाला एवं प्रदर्शन के दौरान आगंतुक अंतरराष्ट्रीय स्तर के अतिथियों द्वारा राज्य की महिला स्वयं सहायताओं समूह द्वारा निर्मित उत्पादों को सराहा गया एवं उत्पादों का क्रय विक्रय किया गया। रणबंका बालाजी ट्रस्ट की निदेशक श्वेता कुमारी द्वारा बालाजी ट्रस्ट द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो जिसमें गैर वन उपज चारागाह विकास परीस्थिति संतुलन महिला स्वयं सहायता समूह विकास का प्रस्तुतीकरण हुआ। अर्पण सेवा संस्थान, एजुकेट गर्ल के कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

आर्किटेक्ट अतिशय जैन सम्मानित हुए

जयपुर । के.एम. ट्रांस लॉजिस्टिक्स की राजस्थान में नई वाणिज्यिक कार्यालय इमारत को राज्य की पहली और एकमात्र 5-स्टार ग्रीन बिल्डिंग होने का मिला है। इसे एस.वी.ए.जी.आर.आई.एच.ए. श्रेणी की प्रतिष्ठित रेटिंग के तहत जी.आर.आई.एच.ए. द्वारा प्रमाणित किया गया है। इस प्रोजेक्ट में भवन के भीतर कम-प्रवाह वाले फिटिंग्स और परिदृश्य के लिए 100 प्रतिशत ड्रिप सिंचाई का उपयोग करके जल संरक्षण बढ़ाया गया है। इमारत की एक विशेषता इसकी अत्याधुनिक रेडिएंट कूलिंग प्रणाली है, जो फर्श के भीतर ठंडे पानी के पाइप के विस्तृत नेटवर्क का उपयोग करके ठंडक प्रदान करती है। ऊर्जा दक्षता के अलावा, इमारत के डिज़ाइन में आर्किटेक्ट्स की बखूबी भूमिका परियोजना का नेतृत्व कर रहे आर्किटेक्ट अतिशय जैन ने किया है, जिन्होंने लंदन के प्रसिद्ध ए.ए. स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर से सस्टेनेबल और एनवायरनमेंटल डिज़ाइन में मास्टर की डिग्री प्राप्त की है और स्पेन व कुआलालंपुर में लगभग चार वर्षों का अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त किया है। अतिशय जैन और उनकी टीम को 25 अक्टूबर को मैरियट होटल जयपुर में आयोजित तृतीय गृहा क्षेत्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया। इनमें राजस्थान सरकार के ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक, जेडीए के सचिव निशांत जैन, आईएएस, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के नवोदय विद्यालय समिति, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर के उप आयुक्त डॉ. अजय कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

ट्रेन संख्या	से	प्रस्थान का समय	तक
1481	पूणे	19:55:00	दानापुर
1282	दानापुर	10:45:00	पूणे
1143	लोकमान्य तिलक टर्मिनल	10:03:00	दानापुर
1144	दानापुर	21:03:00	लोकमान्य तिलक टर्मिनल
1146	आसनसोल	21:00:00	छत्रपति शिवाजी टर्मिनल
1418	कोहलापुर सी साहु महाराज	22:00	छत्रपति शिवाजी टर्मिनल
1046	प्रयागराज	18:05:00	लोकमान्य तिलक टर्मिनल
1053	लोकमान्य तिलक टर्मिनल	12:15:00	वाराणसी
1415	पूणे	06:05:00	गोरखपुर
1416	गोरखपुर	17:03:00	पूणे
1079	छत्रपति शिवाजी टर्मिनल	22:03:00	गोरखपुर
1080	गोरखपुर	14:03:00	छत्रपति शिवाजी टर्मिनल
1433	पूणे	09:45:00	धारका बालाजी
1068	करीमनगर	19:05:00	छत्रपति शिवाजी टर्मिनल
1205	पूणे	15:05:00	दानापुर
1206	दानापुर	05:03:00	पूणे
1207	नागपुर	10:04:00	समस्तीपुर
1176	सावंतवाड़ी रोड	23:25:00	पूणे
1177	पनवेल	09:04:00	सावंतवाड़ी रोड
1452	करीमनगर	06:00	पूणे
1025	दादर	14:05:00	बलिया
1026	बलिया	15:15:00	दादर
1020	गोरखपुर	00:45:00	छत्रपति शिवाजी टर्मिनल
1139	नागपुर	15:05:00	मडगावं
2832	भुवनेश्वर	20:55:00	धनबाद
2831	धनबाद	16:00:00	भुवनेश्वर
8579	विशाखापट्नम	19:00:00	सिकन्दाराबाद
8539	विशाखापट्नम	08:20:00	कोल्लम
8311	सम्बलपुर	18:45:00	ईरोड
8507	शालीमार	05:00:00	विशाखापट्नम
2397	गया	14:15:00	आनंद विहार टर्मिनल
2398	आनंद विहार टर्मिनल	08:02:00	गया
3253	पूणे	15:00:00	सिकन्दाराबाद
07255/ 07256	हैदराबाद/ सिकन्दाराबाद	22:50:00/ 21:00:00	पूणे
2393	पूणे	20:01:00	नई दिल्ली
2394	नई दिल्ली	13:02:00	पूणे
3325	धनबाद	10:01:00	कानपुर
5219	मुजफ्पुर	13:03:00	आनंद विहार
5220	आनंद विहार	08:00:00	मुजफ्फरपुर
5283	मुजफ्फरपुर	06:03:00	आनंद विहार
5284	आनंद विहार	07:00:00	मुजफ्फरपुर
3310	जम्मू तवी	23:25:00	धनबाद
3245	दानापुर	15:00:00	एसएमवीटी बेंगलुरु
3252	एसएमवीटी बेंगलुरु	23:50:00	दानापुर
3027	हावड़ा	23:55:00	न्यु जलपाईगुड़ी
3136	पूणे	12:15:00	कोलकाता
3510	खातीपुरा	14:03:00	आसनसोल
3484	नई दिल्ली	10:03:00	भागलपुर
4132	एसएमवीटी बेंगलुरु	07:01:00	प्रयागराज
1927	कानपुर	12:30:00	मदुरई
4123	प्रयागराज	14:30:00	हजरत निजामुद्दीन
5109	छपरा	17:45:00	आनंद विहार
5005	गोरखपुर	14:04:00	अमृतसर
5097	तेलप्रोलु	18:25:00	दौराई
5021	टनकपुर	18:25:00	उधना जं.
5003	गोरखपुर	21:15:00	नई दिल्ली
5038	आनंद विहार टर्मिनल	11:10:00	भुवनेश्वर
5636	गया	18:15:00	श्रीनगर
5671	गया	15:00:00	आनंद विहार टर्मिनल
5736	कटिहार	21:00:00	अमृतसर
4075	नई दिल्ली	23:45:00	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा
4096	आनंद विहार टर्मिनल	09:00:00	अयोध्या कैन्ट
4059	जयनगर	17:00:00	आनंद विहार टर्मिनल
4067	दरभंगा	18:00:00	दिल्ली
4678	फिरोजपुर	13:25:00	पटना
4553	सहारनपुर	04:04:00	अंबाला
4554	अंबाला	20:02:00	सहारनपुर
4022	आनंद विहार टर्मिनल	11:04:00	सीतामढ़ी जंक्शन
4031	सहरसा जंक्शन	13:00:00	आनंद विहार टर्मिनल
4043	गोरखपुर	17:25:00	आनंद विहार टर्मिनल
4217	वाराणसी जंक्शन	06:25:00	लखनऊ
4218	लखनऊ	16:03:00	वाराणसी जंक्शन
2246	हजरत निजामुद्दीन	23:55:00	पटना
4047	कटिहार	18:00:00	आनंद विहार टर्मिनल
2252	नई दिल्ली	07:25:00	पटना
2270	लखनऊ	14:15:00	छपरा
2269	छपरा	22:20:00	लखनऊ
2247	पटना	07:30:00	नई दिल्ली
4051	जयनगर	18:00:00	नई दिल्ली
4054	नई दिल्ली	14:20:00	बरौनी
4608	जम्मू तवी	20:20:00	हावड़ा
4036	नई दिल्ली	12:00:00	भागलपुर

ट्रेन संख्या	से	प्रस्थान का समय	तक
4034	दिल्ली	23:45:00	जयनगर
2262	नई दिल्ली	00:20:00	राजगीर
2261	राजगीर	23:20:00	नई दिल्ली
9627	अजमेर जंक्शन	09:00:00	सोलाहपुर
4711	बीकानेर	13:25:00	बांद्रा टर्मिनस
9723	जयपुर	08.01:00	बांद्रा टर्मिनस
9603	उदयपुर सिटी	01:05:00	श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा
4706	जयपुर	13:05:00	श्रीगंगानगर
4705	श्रीगंगानगर	23:45:00	जयपुर
9721	जयपुर	06:15:08	उदयपुर सिटी
9722	उदयपुर सिटी	15:05:00	जयपुर
9639	मदार जंक्शन	04:03:00	रोहतक
9640	रोहतक	13:02:00	मदार जंक्शन
9733	जयपुर	07:00:00	भिवानी
9734	भिवानी	16:05:00	जयपुर
9655	अजमेर जंक्शन	19:55:00	वलसाड
4813	भगत की कोठी	17:20:00	दानापुर
7487	सिकंदराबाद	19:04:00	चैन्नई
7625	नादेड़	23:00:00	पनवेल
7517	सिकंदराबाद	17:00:00	नागरसोल
7651	जालना	23:03:00	छपरा
7695	सिकंदराबाद	21:01:00	रामनाथपुरम
7192	मदुरई	05:03:00	कचेगुड़ा
7193	सिकंदराबाद	18:04:00	कोल्लम
7007	सिकंदराबाद	15:15:00	रकसोल
7222	सांतरागाछी	12:02:00	सिकंदराबाद
7166	कटक	22:03:00	हैदराबाद
7445	काकीनाडा	21:01:00	लिंगमपल्ली
7195	काजीपेट	15:00:00	दादर
7650	मुजफ्फरपुर	04:50:00	चेर्लापल्ली
7069	सिकंदराबाद	07:25:00	सांतरागाछी
7176	गोरखपुर	08:10:00	सिकंदराबाद
2842	चेन्नई सेंट्रल	04:03:00	शालीमार
8629	राँची	16:50:00	गोरखपुर
8294	लोकमान्य तिलक	11:50:00	बिलासपुर जं.
6089	चेन्नई सेंट्रल	13:03:00	सांतरागाछी
6098	अम्बाला कैंट	15:30:00	चेन्नई सेंट्रल
6084	सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल	12:45:00	कोचुवेली
6547	यशवंतपुर जंक्शन	19:03:00	बेलगाम
6567	मैसूरू जंक्शन	18:00:00	विजयापुरम
6587	सर एम.विश्वेश्वरय्या टर्मिनल	17:45:00	भगत की कोठी
6533	सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल	21:15:00	कारवार
6209	क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण	07:30:00	चेन्नई सेंट्रल
6210	चेन्नई सेंट्रल	16:00:00	क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण
6597	सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल	13:00:00	कारवार
6565	यशवंतपुर जंक्शन	23:50:00	मंगलौर जंक्शन
7374	मुजफ्फरपुर जंक्शन	13:15:00	हुबली जंक्शन
7324	हुबली जंक्शन	08:00:00	यशवंतपुर जंक्शन
7323	यशवंतपुर जंक्शन	17:15:00	कालाबुरगी
6216	कोट्टयम	11:10:00	यशवंतपुर जंक्शन
7335	बेलगाम	12:30:00	मनुगुरु
7336	मनुगुरु	15:40:00	बेलगाम
1662	दानापुर	11:45:00	रानी कमलापति
1705	जबलपुर	19:35:00	दानापुर
9059	सूरत	14:02:00	ब्रह्मपुर
9056	उधना जं.	16:15:00	बांद्रा टर्मिनस
9055	बांद्रा टर्मिनस	09:05:00	उधना जं.
9112	गोरखपुर	05:00:00	वडोदरा जंक्शन
9051	दादर	00:05:00	भुसावल जंक्शन
9052	भुसावल जंक्शन	17:04:00	दादर
9057	उधना जं.	20:00:00	मंगलौर जंक्शन
9324	इन्दौर जंक्शन	11:15:00	पूणे
9075	मुंबई सेंट्रल	11:00:00	काठगोदाम
9525	हापा	00.04:00	नाहरलगुन
9183	मुंबई सेंट्रल	22:05:00	वाराणसी
9033	उधना जं.	20:35:00	बरौनी जंक्शन
9034	बरौनी जंक्शन	09:25:00	उधना जं.
9524	दिल्ली छावनी	13:02:00	ओखा
9321	डॉ. आम्बेडकर नगर	10:03:00	श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा
9313	उज्जैन जंक्शन	21:00:00	भोपाल जं.
9314	भोपाल जंक्शन	02:01:00	उज्जैन जंक्शन
9044	गोरखपुर जंक्शन	13:00:00	दहानू रोड
9061	उधना जं.	22:00:00	गाजीपुर सिटी
9027	बांद्रा टर्मिनस	11:00:00	मालदा टाउन
9445	साबरमती	22:00:00	लखनऊ ने
9597	राजकोट जंक्शन	15:15:00	गोरखपुर जंक्शन
9116	गया	10:00:00	वडोदरा जंक्शन
9004	दिल्ली जंक्शन	11:45:00	मुंबई सेंट्रल
9017	उधना जं.	21:40:00	महुवा जंक्शन
9040	जयनगर	11:30:00	उधना जंक्शन
9449	अहमदाबाद जंक्शन	22:00:00	गोरखपुर जंक्शन
9125	वडोदरा जंक्शन	00:25:00	छपरा

भारतीय रेल
WWW.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinindia